K19U 0358

Reg. No. : ....

Name : ....

GOVT. BRENNEN COLLEGE CENTRAL LIBRARY THALASSERY

II Semester B.A./B.Sc. Degree (CCSS-Supplementary)
Examination, April 2019
(2013 & Earlier Admissions)
COMMON COURSE IN HINDI
2A08 HIN : Prose and One Act Play for Communication Skill

Time : 3 Hours   Max. Weightage : 30

निर्देश : किन्हीं **तीन** अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए।   **(Weightage : 3×2=6)**

1. जो कथाएँ हृदय का बाँध तोडकर दूसरों को अपना परिचय देने के लिए वह निकलती हैं; वे प्राय: करुण होती हैं और करुणा की भाषा शब्दहीन रहकर भी बोलने में समर्थ है।
2. अन्य कोई भाषा दिव्या नहीं, केवल आचरण की मौन भाषा ही ईश्वरीय है।
3. यही कारण है कि इलाहाबाद से नारे नहीं उठते, शोर नहीं होता, लेकिन आन्दोलनों का जन्म यहीं से होता है।
4. हम कार्बन की कापियाँ नहीं है। हमारी भी एक कथा है। यदि जीवन की वर्णमाला के संबन्ध में तुम्हारी आँखें निरक्षर नहीं, तो तुम पढकर देखो न।
5. वहाँ प्रकृति का नाम नहीं, वहाँ तो प्रेम और एकता का अखंड राज्य रहता है।

निर्देश : किन्हीं **तीन** प्रश्नों के लघुउत्तर लिखिए।   **((Weightage : 3×2=6)**

6. आचरण की मौन भाषा के महत्व क्या है ?
7. चीनी भाई के बचपन का परिचय दीजिए।
8. 'क्या इतना ज़रा सा लडका भी पागल हो गया'। किसके बारे में यह कहा गया है ? और क्यों ?
9. 'मेरी हिमाचल यात्रा' नामक यात्राविवरण की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।
10. लेखक के मत में 'इलाहाबाद' की विशेषताएँ क्या-क्या हैं ?

निर्देश : किसी **एक** प्रश्न पर निबन्ध लिखिए।   **((Weightage : 1×4=4)**

11. 'आचरण की सभ्यता' नामक निबन्ध का सारांश लिखकर उसकी विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।
12. 'महाभारत की सांझ' नामक एकांकी का सारांश लिखकर उसकी विशेषताओं की विवेचना कीजिए।

P.T.O.

निर्देश : निम्नलिखित अवतरण पढकर प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लिखिए। **(Weightage : 1)**

13. इसकी उपस्थिति से मन और हृदय की ऋतु बदल जाते हैं।
    अ) यह किस पाठ का अंश है ?
    आ) इसके लेखक कौन हैं ?
    इ) किसकी उपस्थिति के बारे में कहा गया है ?
    ई) क्या बदल जाते हैं ?

निर्देश : किन्हीं तीन अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए। **((Weightage : 3×2=6)**

14. 'सब अन्धे हैं – ताकत के अन्धे। जो सामने आता है उसे कुचल देना चाहते हैं। चाहे वह धूल हो चाहे पत्थर।'
15. जब तक सरकार और उसके अधिकारी ठीक आचरण नहीं करेंगे तब तक जनता प्रदर्शन करती ही रहेगी, कानून हाथ में लेती ही रहेगी।
16. मैंने अपने संपूर्ण जीवन का एक-एक पल तुम्हारी महत्वाकांक्षा की टकराहट से बचने में लगाया। परन्तु मेरे सारे प्रयत्न विफल हुए।
17. सब तुम्हारे गुणों से प्रभावित थे, सब तुम्हारी वीरता से डरते थे। कायरों की भांति, रक्तपात से बचने के प्रयत्न में न्याय और सत्य का बलिदान कर बैठे।
18. केवल एक .... केवल एक दुख मेरे साथ जाएगा।

निर्देश : किन्हीं तीन प्रश्नों के लघु उत्तर लिखिए। **(Weightage : 3×2=6)**

19. लक्ष्मीचन्द्र का चरित्र चित्रण कीजिए।
20. 'सीमारेखा' एकांकी का सन्देश क्या है ?
21. दुर्योधन का चरित्र चित्रण कीजिए।
22. दुर्योधन ने युधिष्ठिर पर क्या-क्या आरोप लगाये ?
23. 'महाभारत की एक सांझ' नामक एकांकी के शीर्षक की सार्थकता पर विचार कीजिए।

निर्देश : निम्नलिखित अवतरण पढकर प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लिखिए। **(Weightage : 1)**

24. "हमें देने का अधिकार है, लेने का नहीं।"
    अ) यह किस एकांकी का अंश है ?
    आ) इसके लेखक कौन हैं ?
    इ) यह किसका कथन है ?
    ई) कौनसा अधिकार है ?

———————